ANNUAL EXAMINATION

Question Paper 2024

NCERT BASED SYLLABUS

FOR CBSE AND STATE BOARD
FOLLOWING NCERT

सत्रांत परीक्षा **(2023-24)**

विषय - हिंदी समय – **2:30**

कक्षा – सातवीं कुल अंक – **60**

निर्देश : **1.**सुलेख और वर्तनी की शुद्धता का विशेष ध्यान रखें |
2. प्रश्न पत्र में क ,ख ,ग ,घ खंड एवं कुल **11** प्रश्न हैं |
3. सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार ही दें |
4 .सभी प्रश्न अनिवार्य हैं, विकल्पों का ध्यान रखें |

खंड (क)

अपठित गद्यांश

प्रश्न **1** अपठित गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए | **(1X 5=5)**

संघर्ष के मार्ग में अकेला ही चलना पड़ता है। कोई बाहरी शक्ति आपकी सहायता नहीं करती है। परिश्रम, दृढ़ इच्छा शक्ति व लगन आदि मानवीय गुण व्यक्ति को संघर्ष करने और जीवन में सफलता प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त करते हैं। दो महत्त्वपूर्ण तथ्य स्मरणीय है – प्रत्येक समस्या अपने साथ संघर्ष लेकर आती है। प्रत्येक संघर्ष के गर्भ में विजय निहित रहती है। एक अध्यापक ने विद्यालय छोड़ने वाले अपने छात्रों को यह संदेश दिया था – तुम्हें जीवन में सफल होने के लिए समस्याओं से संघर्ष करने का अभ्यास करना होगा। हम कोई भी कार्य करें, सर्वोच्च शिखर पर पहुँचने का संकल्प लेकर चलें। सफलता हमें कभी निराश नहीं करेगी। समस्त ग्रंथों और महापुरुषों के अनुभवों का निष्कर्ष यह है कि संघर्ष से डरना अथवा उससे विमुख होना अहितकर है, मानव धर्म के प्रतिकूल है और अपने विकास को अनावश्यक रूप से बाधित करना है। आप जागिए, उठिए दृढ़-संकल्प और उत्साह एवं साहस के साथ संघर्ष रूपी विजय रथ पर चढ़िए और अपने जीवन के विकास की बाधाओं रूपी शत्रुओं पर विजय प्राप्त कीजिए।

(क) मनुष्य को संघर्ष करने और जीवन में सफलता प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त करते है|
(i) निर्भीकता, साहस, परिश्रम (ii) परिश्रम, लगन, आत्मविश्वास
(iii) साहस, दृढ़ इच्छाशक्ति, परिश्रम (iv) परिश्रम, दृढ़ इच्छा शक्ति व लगन
(ख) प्रत्येक समस्या अपने साथ लेकर आती है–
(i) संघर्ष (ii) कठिनाइयाँ
(iii) चुनौतियाँ (iv) सुखद परिणाम
ग) समस्त ग्रंथों और अनुभवों का निष्कर्ष है
(i) संघर्ष से डरना या विमुख होना अहितकर है। (ii) मानव-धर्म के प्रतिकूल है।
(iii) अपने विकास को बाधित करना है। (iv) उपर्युक्त सभी
(घ) 'मानवीय' शब्द में मूल शब्द और प्रत्यय है-
(i) मानवी + य (ii) मानव + ईय
(iii) मानव + नीय (iv) मानव + इय

(ङ) संघर्ष रूपी विजय रथ पर चढ़ने के लिए आवश्यक है-

(i) दृढ़ संकल्प, निडरता और धैर्य
(ii) दृढ़ संकल्प, उत्साह एवं साहस
(iii) दृढ़ संकल्प, आत्मविश्वास और साहस

schools.aglasem.com
aglasem.com

(iv) दृढ़ संकल्प, उत्तम चरित्र एवं साहस

प्रश्न 2 . नीचे दिए अपठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए - (1X 5=5)

रंग-रंग के रूप हमारे
अलग-अलग है क्यारी-क्यारी
लेकिन हम सबसे मिलकर ही
इस उपवन की शोभा सारी
एक हमारा माली हम सब
रहते नीचे एक गगन के
हम सब सुमन एक उपवन के।।
सूरज एक हमारा, जिसकी
किरणें उसकी कली खिलातीं,
एक हमारा चाँद चाँदनी
जिसकी हम सबको नहलाती।
मिले एक से स्वर हमको हैं,
भ्रमरों के मीठे गुंजन के
हम सब सुमन एक उपवन के।।
काँटों में मिलकर हम सबने
हँस-हँस कर है जीना सीखा,
एक सूत्र में बँधकर हमने
हार गले का बनना सीखा।
सबके लिए सुगन्ध हमारी
हम श्रृंगार धनी निर्धन के
हम सब सुमन एक उपवन के।

प्रश्न (क) उपवन की शोभा किस बात में है ?

(i) एक जैसा रंग-रूप होने में
(ii) अलग-अलग रंग-रूप और अलग-अलग क्यारियाँ होने में
(iii) कोई भी विशेषता न होने में
(iv) एक जैसी क्यारियाँ होने में

(ख) 'मिले एक से स्वर हमको हैं'- पंक्ति का मूल भाव क्या है-

(i) सब एक जैसी बात बोलते हैं
(ii) सबके विचारों में एकता है
(iii) सब एक जैसी उल्टी-सीधी बात बोलते हैं
(iv) सब जो चाहे बोल देते हैं

(ग) 'काँटों में मिलकर हँस-हँस कर है जीना सीखा' -में काँटे किसे कहा गया है ?

(i) फूलों के पास उगे काँटे
(ii) खेतों के रास्तों में उगे काँटे
(iii) जीवन के मार्ग में आने वाली बाधाएँ
(iv) पाँव में चुभे हुए काँटे

(घ) 'एक सूत्र में बँधकर हमने हार गले का बनना सीखा का भाव है-

(i) एक धागे में बाँधकर हार बनाना

schools.aglasem.com
aglasem.com

(ii) एकता का पालन करके प्रेम से रहना
(iii) गले का हार बनाना
(iv) एकता का जीवन

(ङ) 'हम सब सुमन एक उपवन के'-कवि ने किसे कहा है **?**

(i) एक बगीचे के फूलों को
(ii) एक बस्ती में रहने वालों को
(iii) एक देश में प्रेमपूर्वक रहने वालों को
(iv) भेदभाव फैलाने वालों को

खंड-ख हिंदी व्याकरण **(1 X12 =12)**

प्रश्न **3-** <u>निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए</u> **-**

(1) 'शिक्षित' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय का नाम बताइए-
(i) शिक्षा (ii) शिक्षि (iii) इत (iv) शिक्ष

(2) 'प्राथमिक' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय का नाम बताइए|

(i) प्रथम (ii) प्रथमि (iii) इक (iv) इका

(3) राजा-रानी में कौन- सा समास है**?**

(i) समास (ii) तत्पुरुष समास (iii) द्वंद्व समास (iv) इनमें से कोई नहीं

(4) जिस समस्त पद के दोनों पद प्रधान होते है, उस समास का नाम बताइए-
(i) तत्पुरुष समास (ii) द्वंद्व समास (iii) समास (iv) इनमें से कोई नहीं

(5) नीलाभ शब्द का सही संधि-विच्छेद क्या होगा **?**
(i) नील +अभी (ii) नील +आभ (iii) नील + आम (iv) नील + आन

(6) नव **+**आगंतुक की संधि है-
(i) नवागंतुक (ii) नावगंतुक (iii) नवगाँव (iv) नवगानतम

(7) मुहावरा "दाँतों तले उँगली दबाना" का अर्थ है **–**
(i) दंग रह जाना
(ii) कठिन काम के लिए प्रेरित करना
(iii) बहुत शोर करना
(iv) अत्यधिक प्रशंसा करना

(8) "लाल-पीला होना" का अर्थ है **–**
(i) मुद्राएँ बनाना
(ii) क्रोध करना
(iii) तेवर बदलना
(iv) रंग बदलना

(9) "नीति" शब्द का बहुवचन रूप क्या होगा**?**
(i) नीतीयाँ (ii) नीतियाँ (iii) नीती (iv) कोई विकल्प नहीं

(10) "ज़िम्मेदारी" शब्द का बहुवचन रूप क्या होगा**?**
(i) जिम्मेदारीयों
(ii) ज़िम्मेदारियों
(iii) जीम्मेदारियों
(iv) कोई विकल्प नहीं

schools.aglasem.com
aglasem.com

(11) "पानी" शब्द के दो पर्यायवाची शब्द कौन **–** से होंगें**?**

(i) जल, नीर

(ii) पानी, नदी

(iii) नदी, वर्षा

(iv) जल, समुद्र

(12) "फूल" शब्द के दो पर्यायवाची शब्द कौन **–** से होंगे?

(i) पुष्प, वन

(ii) कुसुम, पुष्प

(iii) वन, कुसुम

(iv) फूल, जंगल

<u>खंड **–**(ग) गद्य एवं काव्य खंड पर आधारित</u>

प्रश्न **4** नीचे दिए गए पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए **|** **(5x1=5)**

मोर के सिर की कलगी और सघन, ऊँची तथा चमकीली हो गई| चोंच अधिक बंकिम और पैनी हो गई, गोल आँखों में इन्द्रनी की नीलाभ द्युति झलकने लगी| लंबी नील-हरित ग्रीवा की हर भंगिमा में धूपछाँही तरंगे उठने – गिरने लगीं| दक्षिण – वाम दोनों पंखों में सलेटी और सफ़ेद आलेखन स्पष्ट होने लगे| पूँछ लंबी हुई और उसके पंखों पर चंद्रिकाओं के इंद्रधनुषी रंग उद्दीप्त हो उठे| रंग – रहित पैरों को गरवीली गति ने एक नयी गरिमा से रंजित कर दिया| उसका गरदन ऊँची कर देखना, विशेष भंगिमा के साथ उसे नीची कर दाना चुगना, पानी पीना, टेढ़ी कर शब्द सुनना आदि क्रियाओं में जो सुकुमारता और सौन्दर्य था, उसका अनुभव देखकर ही किया जा सकता है| गति का चित्र नहीं आँका जा सकता|

प्रश्न **(क)** मोर के सिर की कलगी कैसी थी**?**

(i) सघन, ऊँची तथा चमकीली

(ii) सघन, ऊँची तथा पैनी

(iii) सघन, रंगदार तथा चमकीली

(iv) इनमें से कोई नहीं

(ख) मोर की चोंच कैसी थी**?**

(i) काली और मोटी (ii) बंकिम और पैनी (iii) बारीक और छोटी (iv) लंबी और पतली

(ग) लेखिका ने किसे इन्द्रनी की संज्ञा दी है**?**

(i) मोर के पंख

(ii) मोर की कलगी

(iii) मोर की चोंच

(iv) मोर की आँखें

(घ) मोर की कौन **–** कौन सी भंगिमाएँ मोहक थी**?**

(i) गर्दन ऊँची करके देखना, झुकना व दाना चुगना

(ii) दाना चुगना और पानी पीना

(iii) गर्दन ऊँची करके देखना, नीची कर दाना चुगना, पानी पीना व टेढ़ी कर शब्द सुनना

(iv) विशेष भंगिमा से चलना

(ड.) मोर की किस क्रिया का चित्र नहीं आँका जा सकता है**?**

(i) नाचने की

(ii) दाना चुगने की

(iii) गति की

(iv) पानी पीने की

प्रश्न **5** नीचे दिए गए पठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए **|** **(5x1= 5)**

जागो बंसीवारे ललना !

schools.aglasem.com

aglasem.com

जागो मोरे प्यारे !

रजनी बीती, भोर भयो है, घर-घर खुले किंवारे|

गोपी दही मथत, सुनियत हैं कंगना के झनकारे||

उठो लालजी! भोर भयो है, सुर-नर ठाड़े द्वारे|

ग्वाल-बाल सब करत कुलाहल, जय-जय सबद उचारै||

माखन रोटी हाथ मँह लीनी, गउवन के रखवारे|

मीरा के प्रभु गिरधर नागर, सरण आयां को तारे||

(क) उपर्युक्त पद्यांश के रचयिता कौन हैं**?**

(i) महादेवी वर्मा

(ii) मीराबाई

(iii) सुभद्राकुमारी चौहान

(iv) इनमें से कोई नहीं

(ख) पद्यांश में किस समय का वर्णन किया गया है**?**

(i) दोपहर का

(ii) रात का

(iii) सुबह का

(iv) शाम का

(ग) गोपियाँ क्या कर रही है**?**

(i) दही मथ रही हैं

(ii) खाना पका रही हैं

(iii) दही बेच रही हैं

(iv) बातें कर रही हैं

(घ) ग्वाल बालों के हाथ में क्या था**?**

(i) माखन (ii) रोटी (iii) माखन-रोटी (iv) दूध-दही

(ड.) कृष्ण को जगाने हेतु द्वार पर कौन**-**कौन खड़े थे**?**

(i) सारे ग्वाल बाल

(ii) दानव

(iii) सारी गोपियाँ

(iv) नंदबाबा

प्रश्न **6** निम्नलिखित प्रश्नों में से <u>किन्हीं दो</u> प्रश्नों के उत्तर दीजिए|

(2x2=4)

1. किन विशेषताओं के कारण हॉकी भारत का राष्ट्रीय खेल माना जाता है?

2 मिठाईवाला अलग-अलग चीजें क्यों बेचता था और वह महीनों बाद क्यों आता था?

3. कुँवर सिंह को बचपन में किन कामों में मज़ा आता था? क्या उन्हें उन कामों से स्वतंत्रता सेनानी बनने में कुछ मदद मिली?

प्रश्न **7** निम्नलिखित प्रश्नों में से <u>किन्हीं दो</u> प्रश्नों के उत्तर दीजिए|

(2x2=4)

1. पक्षियों को पालना उचित है अथवा नहीं? अपने विचार लिखिए|

2. 'एक तिनका' कविता में किस घटना की चर्चा की गई है, जिससे घमंड नहीं करने का सन्देश मिलता है?

3. रहीम ने कवार के बादलों की तुलना किससे और क्यों की है?

पूरक पाठ्यपुस्तक पर आधारित

schools.aglasem.com

aglasem.com

प्रश्न **8** निम्नलिखित प्रश्नों में से <u>किन्हीं तीन</u> प्रश्नों के उत्तर दीजिए|
(2x3=6)

1. तुम्हारे अनुसार महाभारत कथा में किस पात्र के साथ सबसे अधिक अन्याय हुआ और क्यों?
2. तुम्हारे विचार से महाभारत के युद्ध को कौन रुकवा सकता था? कैसे?
3. श्रीकृष्ण ने अन्न का कण और साग का पत्ता क्यों खाया?
4 . दूसरी बार हुए चौसर के खेल में क्या शर्त रखी गई थी?

<u>खंड-(घ) रचनात्मक लेखन **(1x5=5)**</u>

प्रश्न **9** - निम्नलिखित में से <u>किसी एक</u> विषय पर **80-100** शब्दों में पत्र लिखिए |
(1x5=5)

1- अस्वस्थ होने पर अपने विद्यालय के प्राचार्य को चार दिन के अवकाश हेतु प्रार्थना - पत्र लिखिए|

अथवा

'समय का महत्व' बताते हुए अपने छोटे भाई/बहन को पत्र लिखिए |

प्रश्न **10** अनुच्छेद लेखन- निम्नलिखित में से <u>किसी एक</u> विषय पर **80-100** शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए|
(1x5=5)

1- विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का महत्व
2- मेरा विद्यालय
3- मित्रता
4- मेरा प्रिय त्योहार

प्रश्न **11** संवाद लेखन:- निम्नलिखित में से <u>किसी एक</u> विषय पर संवाद लिखिए
(1x4=4)

1- घर देर से पहुँचने पर अपनी माताजी और अपने बीच हुए वार्तालाप को संवाद शैली में लिखिए|

अथवा

2- पेड़ और धरती के बीच हुए वार्तालाप को संवाद शैली में लिखिए|

.....

schools.aglasem.com

aglasem.com

सत्रांत परीक्षा **(2023 -24)**

विषय **-** हिंदी
समय **– 2:30**

कक्षा **–** सातवीं कुल
अंक **– 60**

उत्तर कुंजी

सामान्य निर्देश **: -**

- इस अंक योजना का उद्देश्य मूल्याङ्कन को अधिकाधिक वस्तुनिष्ठ बनाना है |
- यदि छात्र इस अंकयोजना से भिन्न उपयुक्त उत्तर दें तो भी पूरे अंक दिए जाएँ |
- सामान त्रुटियों के लिए स्थान स्थान पर अंक न काटे जाएँ |

खंड **–** क

प्रश्न **1** अपठित गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षेप में उत्तर दीजिए ।
(1X 5=5)

उत्तर (क) (iv) परिश्रम, दृढ़ इच्छा शक्ति व लगन (ख) (i) संघर्ष

(ग) (iv) उपर्युक्त सभी (घ) (ii) मानव + ईय

(ङ) (ii) दृढ़ संकल्प, उत्साह एवं साहस

प्रश्न **2** . नीचे दिए अपठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।
(1X 5=5)

उत्तर (क) (ii) अलग-अलग रंग-रूप और अलग-अलग क्यारियाँ होने में
(ख) (ii) सबके विचारों में एकता है
(ग) (iii) जीवन के मार्ग में आने वाली बाधाएँ
(घ) (ii) एकता का पालन करके प्रेम से रहना
(ङ) (iii) एक देश में प्रेमपूर्वक रहने वालों को

खंड-ख हिंदी व्याकरण

(1×12=12)

प्रश्न 3 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।
(1x2=12)

(1) 'शिक्षित' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय का नाम बताइए-
(iii) इत

(2) 'प्राथमिक' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय का नाम बताइए|
(iii) इक

(3) राजा-रानी में कौन- सा समास है**?**
(iii) द्वंद्व समास

(4) जिस समस्त पद के दोनों पद प्रधान होते हैं| उस समास का नाम बताइए|
(ii) द्वंद्व समास

(5) नीलाभ शब्द का सही संधि-विच्छेद क्या होगा **?**
(ii) नील + आभ

(6) नव **+**आगंतुक की संधि है-
(i) नवागंतुक

(7) मुहावरा "दाँतों तले उँगली दबाना" का अर्थ है **–**

schools.aglasem.com
aglasem.com

(i) दंग रह जाना

(8) "लाल-पीला होना" का अर्थ है **–**

(ii) क्रोध करना

(9) "नीति" शब्द का बहुवचन रूप क्या होगा**?**

(i) नीतियों

(10) "ज़िम्मेदारी" शब्द का बहुवचन रूप क्या होगा**?**

(ii) जिम्मेदारियों

(11) "पानी" शब्द के दो पर्यायवाची शब्द कौन **–** से होंगें**?**

(i) जल, नीर

(12) "फूल" शब्द के दो पर्यायवाची शब्द कौन **–** से होंगे?

(ii) कुसुम, पुष्प

खंड -ग

प्रश्न **4** निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए| **(1x 5=5)**

उत्तर- (क)- (i) सघन, ऊँची तथा चमकीली

(ख)- (ii) बंकिम और पैनी

(ग)- (iv) मोर की आँखें

(घ)- (iii) गर्दन ऊँची करके देखना, नीची कर दाना चुगना, पानी पीना व टेढ़ी कर शब्द सुनना

(ड.)- (iii) गति की

प्रश्न **5** निम्नलिखित पठित पद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए| **(1x5=5)**

उत्तर- (क) (ii) मीराबाई

(ख) (iii) सुबह का

(ग) (i) दही मथ रही हैं

(घ) (iii) माखन-रोटी

(ड.) (i) सारे ग्वाल-बाल

प्रश्न **6** पाठ्यपुस्तक के गद्य प्रश्नोत्तर **- (2x2=4)**

उत्तर 1- हॉकी भारत का पुराना खेल हैं इसे राजा महाराजाओं से लेकर देहात के लोग भी बड़े चाव से खेला करते थे।यह खेल व्यायाम का सर्वोत्तम साधन है। पुराने ज़माने में गांवों के लोग पेड़ों की टहनियों के द्वारा इस खेल को खेला करते थे। इस खेल का अपना लंबा इतिहास होने के कारण और अत्यधिक लोकप्रिय होने के कारण इसे राष्ट्रीय खेल माना जाता है।

उत्तर 2- मिठाईवाला बच्चों का सान्निध्य प्राप्त करना चाहता था | वह अपने बच्चों की झलक इन बच्चों में देखता था बच्चों की उत्सुकता को बनाये रखने के लिए | उसे पैसों का कोई लालच नहीं था | चीजों को बनवाने में उसे अधिक समय लग जाता था |

उत्तर 3- बचपन में कुँवर सिंह को पढ़ने-लिखने से अधिक घुड़सवारी, तलवारबाज़ी और कुश्ती लड़ने में बहुत मज़ा आता था। बड़े होने पर उन्हें इन कार्यों से स्वतंत्रता सेनानी बनने में बहुत अधिक सहायता मिली।वे कुशल घुड़सवारी, तलवारबाज़ी आदि गुणों के आधार पर ही अंग्रेजों से मोर्चा ले सके।

प्रश्न **7** पाठ्यपुस्तक के पद्य प्रश्न **- (2x2=4)**

उत्तर 1- मेरे विचार से पक्षियों को पालना उचित नहीं है जिस प्रकार मनुष्य को अपनी स्वतंत्रता प्रिय होती है उसी प्रकार पक्षियों को भी अपनी आज़ादी प्यारी होती है। ईश्वर ने उन्हें पंख दिये हैं, जिससे कि वे उड़ सकें। यदि हम उन्हें पालते हैं तो उनकी आज़ादी और उड़ान में विघ्न पैदा होता है।

schools.aglasem.com

aglasem.com

उत्तर 2- “एक तिनका” कविता में कवि ने आँख में अचानक पड़ने वाले एक तिनके की घटना की चर्चा की है, जब अचानक आँख में पड़ने वाला बेजान (सूखी घास का) तिनका मनुष्य को व्याकुल कर देता है और वह स्वयं को असहाय-सा महसूस करने लगता है। कवि ने इस संदेश के रूप में कहा है कि मनुष्य को कभी घमंड यही करना चाहिए, क्योंकि उसके घमंड छोटी से छोटी वस्तु भी चूर-चूर करने में सफल हो जाती है।

उत्तर 3- रहीम ने क्वार के बादलों की तुलना उन लोगों से की है जो पहले अमीर थे लेकिन अब वे ग़रीब हो चुके हैं । जैसे क्वार माह के बादल केवल गरजते हैं, पर बरसते नहीं है ठीक उसी प्रकार अमीरी से निर्धन हुए व्यक्ति केवल दिखावे रूप में अमीरी की बात करते हैं जबकि वे भीतर से खोखले होते हैं।

प्रश्न **8** पूरक पाठ्यपुस्तक के आधार पर प्रश्न **–** **(2x3=6)**

(2x3=6)

उत्तर 1-) हमारे विचार से सबसे अधिक अन्याय कर्ण के साथ हुआ है। जैसे-

सूर्य-पुत्र कर्ण को उसकी जन्मदात्री ने त्याग दिया।

शस्त्र-परीक्षण के दिन पहचान लेने के बाद भी कुंती ने उसे नहीं अपनाया।

उत्तम कुल में उत्पन्न होकर भी वह सूत-पुत्र कहलाया।

इंद्र ने उसके साथ छल किया।

परशुराम ने उसे शाप दिया।

अर्जुन ने उसे छल से मारा।।

उत्तर 2- हमारे विचार से महाभारत के युद्ध को पितामह भीष्म और आचार्य द्रोण रुकवा सकते थे, क्योंकि यदि पितामह भीष्म और आचार्य द्रोण दुर्योधन के अन्याय का समर्थन नहीं करते, तो कृपाचार्य और अश्वत्थामा भी उनका साथ नहीं देते। तब कौरव कमजोर पड़ जाते और इन लोगों की अनुपस्थिति में दुर्योधन युद्ध करने में समर्थ नहीं हो पाता।

उत्तर 3- श्रीकृष्ण ने अन्न का कण और साग का पत्ता दुर्वासा ऋषि व उनके दस हज़ार शिष्यों की भूख को शांत करने के लिए खाया। ऐसा उन्होंने इसलिए किया क्योंकि वे जानते थे कि इतने लोगों को एक साथ भोजन करवाना पांडवों के लिए मुश्किल होगा।

उत्तर 4- युधिष्ठिर का राज्याभिषेक होने के बाद हस्तिनापुर सम्राट धृतराष्ट्र ने उन्हें निर्जन नगर खांडव प्रस्थ को अपनी राजधानी बनाने को कहा। पांडवों ने निपुण शिल्पकारों से सुन्दर भवनों और अभेद्य दुर्गो से सुशोभित नगर बनवाया जिसका नाम उन्होंने इन्द्रप्रस्थ रखा। इन्द्रप्रस्थ की शान और सुंदरता की प्रशंसा पूरे संसार में होने लगी थी। इस प्रकार निर्जन खांडवप्रस्थ सुंदर इन्द्रप्रस्थ बन गया था।

उत्तर 5- दूसरी बार हुए चौसर के खेल में यह शर्त रखी गई थी कि हारा हुआ दल अपने भाइयों के साथ बारह वर्ष तक तथा एक वर्ष अज्ञातवास में रहेगा।

खंड-घ रचनात्मक लेखन

प्रश्न **9** पत्र लेखन कोई एक हल कीजिए|

(1x5=5)

प्रारूप- **1**

विषय वस्तु- **3**

भाषा शैली- **1**

प्रश्न **10** किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखेंगे|

(1x5=5)

विषय वस्तु- **3**

भाषा शैली- **1**

रचनात्मकता- **1**

प्रश्न **11** किसी एक विषय पर संवाद लिखेंगे|

(1x4=4)

विषय वस्तु- **2**

schools.aglasem.com

aglasem.com

schools.aglasem.com

AglaSem Earn while Learn Program. Send your papers and get paid.
Contact: support@aglasem.com aglasem.com

QUESTION PAPERS

GET PREVIOUS YEAR QUESTION PAPERS FOR ALL CLASSES FOR CBSE, ISCSE, ISC AND ALL ALL STATE BOARDS HERE AT AGLASEM.COM

BOARD WISE

- Andhra Pradesh Board Question Papers
- Assam Board Question Papers
- Bihar Board Question Papers
- Chhattisgarh Board Question Papers
- Goa Board Question Papers
- Gujarat Board Question Papers
- Haryana Board Question Papers
- Himachal Pradesh Board Question Papers
- J&K State Board Question Papers
- Jharkhand Board Question Papers
- Karnataka Board Question Papers
- Kerala Board Question Papers
- Madhya Pradesh Board Question Papers
- Maharashtra State Board Question Papers
- Manipur Board Question Papers
- Meghalaya Board Question Papers
- Mizoram Board Question Papers
- Nagaland Board Question Papers
- Orissa Board Question Papers
- Punjab Board Question Papers
- Rajasthan Board Question Papers
- Tamil Nadu Board Question Papers
- Telangana State Board Question Papers
- Tripura Board Question Papers
- Uttarakhand Board Question Papers
- Uttar Pradesh (UP) Board Question Papers
- West Bengal (WB) Board Question Papers